भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †1952

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद योजना के अंतर्गत चिह्नित परियोजनाएं**

**†1952. श्रीमती मंजुलता मंडलः**

**श्री गजानन कीर्तिकरः**

**श्री धनुष एम. कुमारः**

**श्री सी.एन. अन्नादुरईः**

**श्री गौतम सिगामणि पोनः**

**श्री ओम पवन राजेनिंबालकरः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार प्रसाद (पीआरएएसएचएडी) योजना कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या सरकार ने उस उद्देश्य को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए प्रसाद योजना शुरू की गई थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रसाद योजना को लागू करते समय सरकार को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा है;

(ग) प्रसाद योजना के तहत अब तक किन परियोजनाओं को चिह्नित और विकसित किया गया है और क्या सरकार इस योजना के तहत और अधिक स्थलों को चिह्नित करने की प्रक्रिया में है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या महाराष्ट्र और तमिलनाडु सरकार ने प्रसाद योजना के तहत कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई है की गई और इसके क्या परिणाम रहे हैं और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी हाँ, महोदय। पर्यटन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014-15 में तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना आरम्भ की गई थी। इस योजना का लक्ष्य आश्यकता अन्तराल विश्लेषण आधार पर तीर्थस्थान/विरासत पर्यटन अवसंरचना का

विकास करना, आर्थिक प्रगति के मुख्य साधन के रूप में पर्यटन को स्थापित करना, देश-भर में पहले से अभिज्ञात गंतव्यों/स्थानों में पर्यटन कार्यकलापों में स्थानीय समुदाय की प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करके समुदाय आधारित विकास करना है।

(ख): जी, हाँ। सरकार ने इन उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया है जिसके लिए यह योजना आरम्भ की गई थी। तथापि विशेष रूप से कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों के दौरान इन परियोजनाओं के भौतिक निष्पादन में देरी देखी गई है।

(ग): प्रशाद योजना के अन्तर्गत गंतव्यों/स्थानों की पहचान और परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत् प्रक्रिया है जो योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों से उपयुक्त परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने पर आरम्भ की जाती है। अद्यतन स्थिति के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

(घ) और (ड.): महाराष्ट्र तथा तमिलनाडु की राज्य सरकारों से परियोजना प्रस्तावो और विस्तृत परियोजना रिपोर्टो की प्राप्ति पर प्रशाद योजना के तहत उनके लिए निम्नलिखित परियोजनाओं का अनुमोदन दिया गया है:-

| **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| त्रियम्बकेश्वर का विकास | 2017-18 | 37.81 |
| कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| वेल्लनकनी का विकास | 2016-17 | 4.86 |

*******

**अनुबंध**

प्रसाद योजना के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 14.03.2022 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +1952 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**।

**प्रशाद योजना के अन्तर्गत अनुमोदित परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजनाओं की संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | **जारी परियोजनाओं की सूची** | | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1. | पर्यटक गंतव्य के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिला का विकास | 2015-16 |
| | | 2. | श्रीसेलम मंदिर का विकास | 2017-18 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 3. | लोहित जिले में परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 |
| 3. | असम | 4. | गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर और इसके आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास | 2015-16 |
| 4. | बिहार | 5. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 |
| | | 6. | पटना साहिब का विकास | 2015-16 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 7. | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगांव, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 |
| 6. | गुजरात | 8. | द्वारका का विकास | 2016-17 |
| | | 9. | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2016-17 |
| | | 10. | प्रशाद योजना के अन्तर्गत सोमनाथ में प्रोमेनाड का विकास | 2018-19 |
| | | 11. | सोमनाथ, गुजरात में क्यू मैनेजमेंट कॉम्प्लेक्स के साथ तीर्थयात्रा प्लाजा का विकास | 2021-22 |
| 7. | हरियाणा | 12. | पंचकुला जिले में नाडासाहेब गुरुद्वारा और माता मंसादेवी मंदिर का विकास | 2019-20 |
| 8. | जम्मू एवं कश्मीर | 13. | हजरतबल का विकास | 2016-17 |
| 9. | झारखण्ड | 14. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास | 2018-19 |
| 10. | केरल | 15. | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 2016-17 |
| 11. | मध्य प्रदेश | 16. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 |
| | | 17. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 |
| 12. | महाराष्ट्र | 18. | त्रियम्बकेश्वर का विकास | 2017-18 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13. | मेघालय | 19. | मेघालय में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 |
| 14. | नागालैंड | 20. | नागालैंड में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2018-19 |
| 15. | ओडिशा | 21. | मेगा परिपथ के तहत देउली में पुरी, श्री जगन्नाथ धाम -रामचंडी - प्राची रिवर फ्रंट में बुनियादी ढांचा विकास | 2014-15 |
| 16. | पंजाब | 22. | अमृतसर में करूणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 2015-16 |
| | | 23. | प्रशाद योजना के अंतर्गत रोपड़ पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 |
| 17. | राजस्थान | 24. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 |
| 18. | सिक्किम | 25. | युकसोम में चार संरक्षक संतों पर तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 |
| 19. | तमिलनाडु | 26. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 |
| | | 27. | वेल्लांकनी का विकास | 2016-17 |
| 20. | तेलंगाना | 28. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 |
| 21. | त्रिपुरा | 29. | त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 |
| 22. | उत्तराखण्ड | 30. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 |
| | | 31. | बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखण्ड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना विकास | 2018-19 |
| | | 32. | प्रशाद योजना के तहत (उत्तराखण्ड) में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का संवर्द्धन | 2021-22 |
| 23. | उत्तर प्रदेश | 33. | मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 |
| | | 34. | वृंदावन जिला मथुरा में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण | 2014-15 |
| | | 35. | वाराणसी फेज -I का विकास | 2015-16 |
| | | 36. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 2017-18 |
| | | 37. | प्रशाद योजना-II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | 2017-18 |
| | | 38. | गोवर्धन, मथुरा, यूपी में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2018-19 |
| 24. | पश्चिम बंगाल | 39. | बेलूर का विकास | 2016-17 |

*******